e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, मंगलवार, 26 फरवरी 2019, फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-12, अंक-133, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

सोलर संयंत्रों को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रचार की जरूरत

लखनऊ (डीएनएन)। प्रदेश के अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के 235 लाभार्थियों को 4.5 करोड़ का अनुदान एक क्लिक के माध्यम संबंधित लाभार्थी के बैंक खातों में अंतरित करते हुए कहा कि रूफटाप ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर संयंत्रों के उपयोग के लिए आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इन संयंत्रों के स्थापित करके अधिक से अधिक लाभार्थी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही लखनऊ शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा सकता है। श्री पाठक यूपीनेडा मुख्यालय गोमतीनगर में प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के लाभार्थियों द्वारा स्थापित रूफटाप ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर संयंत्रों के सापेक्ष केंद्र एवं राज्य अनुदान धनराशि को उनके बैंक खातों में एक क्लिक के माध्यम से अन्तरित किए जाने के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ज्यादातर लाभार्थी लखनऊ शहर के ही हैं, लेकिन इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार पूरे प्रदेश में किया जाना चाहिए ताकि अन्य लाभार्थी भी इसका लाभ उठा सकें। अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री ने कहा कि सोलर रूफटॉप पॉलिसी-2017 के प्रतिपादन उपरांत राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में प्रथमबार घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 15 हजार रुपए प्रति किलोवाट अधिकतम 30 हजार रुपए तक राज्य सहायता का प्राविधान किया गया है।

- **235 लाभार्थियों को 4.5 करोड़ उनके खातों में अंतरित : ब्रजेश पाठक**

उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दें ताकि आने वाले समय में प्रदूषण से भी बचा जा सके। प्रमुख सचिव अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग आलोक कुमार ने अवगत कराया कि सरकारी संस्थानों, चैरिटेबिल संस्थाओं आदि के हित में राज्य विद्युत नियामक आयोग में पेटिशन फाइल किया गया है जिसमें ग्रॉस मीटरिंग के स्थान पर नेट मीटरिंग का प्राविधान बनाए रखे जाने का अनुरोध किया गया है।